इम्युनिटी (प्रतिरक्षा) किसे कहते हैं?

इम्युनिटी, आपके शरीर की किसी संक्रमण से लड़ने या उसे रोकने की क्षमता है। आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली आपके शरीर में मौजूद कोशिकाओं का एक नेटवर्क है जो आपको स्वस्थ और सुरक्षित रहने में मदद करती है, और संक्रमित होने पर उससे ठीक होने में मदद करती है।

वैक्सीन कैसे काम करता है?

वैक्सीन हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को रोग से लड़ने वाले प्रोटीन का निर्माण करने में मदद करता है, जिसे 'एंटीबॉडी' के नाम से जाना जाता है, जैसे जब हम किसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, लेकिन वैक्सीन हमें बीमार किए बिना काम करता है।

वैक्सीन लेने के लिए कौन योग्य हैं?

12 साल या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए COVID-19 वैक्सीन मुफ़्त है, चाहे वे आप्रवासी हों या नागरिक। COVID-19 वैक्सीन लेने के लिए आपके पास राज्य द्वारा जारी पहचान-पत्र या बीमा का होना जरूरी नहीं है। वैक्सीनेशन (टीकाकरण), सार्वजनिक प्रभार नियम के तहत नहीं आता है।



COVID-19 की जाँच और इलाज के लिए कौन योग्य हैं?

सभी सुयोग्य न्यूयॉर्कवासियों के लिए जाँच मुफ़्त है, जिसमें आप्रवासी भी शामिल हैं। यदि आप एक नागरिक नहीं हैं या आपके पास बीमा नहीं है, तब भी आपका COVID-19 सम्बन्धी जाँच और इलाज मुफ़्त में हो सकता है।



कम्युनिटी इम्युनिटी (सामुदायिक प्रतिरक्षा) कैसे काम करता है?

इसे हर्ड इम्युनिटी भी कहा जाता है। कम्युनिटी इम्युनिटी एक आबादी के भीतर संक्रमण के जोखिम में कमी है। यह तब होता है जब समुदाय के एक बहुत बड़े हिस्से को वैक्सीन लगाई जाती है, जिससे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में COVID-19 का प्रसार रुक जाता है। इसके परिणामस्वरूप, पूरा समुदाय सुरक्षित हो जाता है।



आप वैक्सीन लगवाकर किसकी रक्षा करेंगे?

वैक्सीन लगवाने से हमारे समुदाय के अतिसंवेदनशील (जोखिम-ग्रस्त) लोगों की रक्षा होगी, जिसमें उम्रदराज वयस्क, इम्युन-कम्प्रोमाइज़्ड के लोग, और बच्चे शामिल हैं। वैक्सीन लगवाना और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े सुझावों का पालन करना, अपनी और अपने प्रियजनों की रक्षा करने का सबसे अच्छा तरीका है।

यदि आपको COVID-19 हो गया हो, तब भी आपको वैक्सीन लगवा लेना चाहिए! अपने डॉक्टर से बात करें।

वैक्सीन रक्षा करता है हमारे परिवार और हमारे समुदाय की

सरकारी अस्पतालों, आपातकालीन कक्षों, COVID-19 जाँच और टीकाकरण केन्द्रों, मुफ़्त क्लीनिकों, और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में देखभाल सेवा प्राप्त करना, सुरक्षित और स्मार्ट तरीका है। अपना, अपने परिवार और अपने समुदाय का ध्यान रखें।

न्यूयॉर्क शहर में वैक्सीन लगवाने का तरीका:

vax4nyc.nyc.gov पर जाकर ऑनलाइन वैक्सीन के लिए एक अपॉइंटमेंट लें। फोन से अपना अपॉइंटमेंट लेने के लिए **877-VAX-4NYC** या **877-829-4692** पर कॉल करें। स्वयं जाकर अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा प्रदान करने वाले स्थानों के बारे में जानने के लिए, https://vaccinefinder.nyc.gov/ पर जाएं

न्यूयॉर्क राज्य में वैक्सीन लगवाने का तरीका:

https://covid19vaccine.health.ny.gov पर अपनी योग्यता की जांच करें और अपना वैक्सीन अपॉइंटमेंट लें अथवा अपना अपॉइंटमेंट का समय निर्धारित करने के लिए न्यूयॉर्क स्टेट वैक्सीनेशन हॉटलाइन पर कॉल करें: **1-833-NYS-4VAX (1-833-697-4829)**

This resource is supported by the Centers for Disease Control and Prevention (CDC) of the U.S. Department of Health and Human Services (HHS) as part of a financial assistance award totaling $3,300,000 with 75 percent funded by CDC/HHS. The contents are those of the author(s) and do not necessarily represent the official views of, nor an endorsement by, CDC/HHS, or the U.S. Governmenta

NYU Langone Health | NYU CENTER FOR THE STUDY OF ASIAN AMERICAN HEALTH | CACF Coalition For Asian American Children+Families | APIAHF ASIAN & PACIFIC ISLANDER AMERICAN HEALTH FORUM